हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025

07 कलेक्टर और एसपी से मिला भाजपा का प्रतिनिधि...



08 पार्षद पति, अध्यक्ष पति और सरपंच पति जैसी...





## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत आज

**सागर।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर एम के शर्मा के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर शनिवार को जिला न्यायालय परिवार न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में, आपराधिक शमनीय प्रकरण पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण बैंक/मनी रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण श्रम एवं रोजगार विवाद प्रकरण विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि मामलों एवं प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के अंतर्गत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, ई-ट्रैफिक चालान संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मनी रिकवरी संबंधी मामले, धन विवाद संबधी मामले विद्युत एवं जल कर बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण) दूरसंचार के बकाया जैण्डलाईन / मोबाइल बिल संबंधी प्रकरण, आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण दीवानी इत्यादि मामलों में पक्षकारों की आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा एवं नियमानुसार विद्युत प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में छूट प्रदान की जावेगी।

### लेखा प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा 23 नवम्बर को

**सागर।** आयुक्त, कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार लेखा प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभागीय परीक्षा वर्ष 2025 का आयोजन आगामी 23 नवम्बर 2025 को यू.आई.टी., राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल में किया जाएगा। इस संबंध में सागर संभाग के सभी कार्यालय प्रमुखों को सूचित किया गया है कि वे अपने अधीन नियमित रूप से लेखा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में तीन मूल प्रतियों में पूर्ण रूप से भरवाकर अनिवार्य रूप से दिनांक 19 सितम्बर 2025, शाम 6 बजे तक कार्यालय प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर में जमा कराएं। प्रशिक्षणार्थी को स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसका उत्तरदायित्व आवेदक एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।

### सागर संभाग में सब्जी उत्पादन की विपुल संभावनाः कमिश्नर

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में बागवानी फसलों को प्रोत्साहित करने की निर्देश उद्यानिकीय विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी उद्यानिकीय विभाग के अधिकारी और मैदानी कर्मचारी किसानों से सतत संपर्क स्थापित कर उन्हें बागवानी फसलों के लिए शासन कौन-कौन सी योजनाएं संचालित कर रही है इसकी जानकारी दें तथा किसानों का मार्गदर्शन करते हुए किसानों को बागवानी फसल लगाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी जिलों में बागवानी फसलों का रकबा बढ़ाना चाहिए। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में सब्जी उत्पादन की भी विपुल संभावनाएं हैं। उन्होंने उद्यानिकीय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह किसानों को सब्जी उत्पादन के लिए भी सतत प्रोत्साहित करें। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश मंगलवार को उद्यानिकीय विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।

## दुख की घड़ी में पीड़ित परिजनों के साथ, जांच कर आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी: मंत्री गोविंद सिंह

# लेखापाल की मौत पर परिजनों ने किया चक्का जाम, मंत्री के आश्वासन के बाद मृतक के परिजनों ने किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर परिषद के लेखापाल हेमराज कोरी (उम्र 57) की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शुक्रवार को राहतगढ़ में मृतक के परिवारजनों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों व राहतगढ़ के लोगों द्वारा चक्काजाम किया गया। जाम की सुचना मिलते ही मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तुरंत मौके पर पहुंचे। मंत्री राजपूत ने मौके पर पहुंचकर पीड़ति परिजनों से बात की, उनकी मांगों को गंभीरता पूर्वक सुना एवं जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री राजपूत ने परिजनों को समझाइश देकर शांति पूर्वक जाम को खुलवाया।

पीड़ति परिजनों ने मंत्री राजपूत को बताया कि हेमराज कोरी लेखपाल के रूप में नगर परिषद में पदस्थ थे। सत्येंद्र जैन नामक युवक द्वारा आरटीआई लगाकर लगातार उन्हें प्रताड़ति किया जा रहा था। साथ ही उनसे लगातार पैसों की मांग करता था। परिजनों और कर्मचारियों ने सत्येंद्र जैन पर आरटीआई के नाम पर 40 लाख रुपए की मांग का आरोप लगाया, जिसके दबाव में और मानसिक रूप से प्रताड़ति होकर नगर परिषद के लेखपाल हेमराज ने आत्महत्या की।



शुक्रवार को पीड़ति परिजनों, नगर परिषद कर्मचारियों और राहतगढ़ के हजारों नागरिकों ने फर्जी तरीके से आरटीआई लगाकर डरा धमका कर मानसिक रूप से प्रताड़ति करने वाले सत्येंद्र जैन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर मुख्य सड़क पर चक्का जाम किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्रीय विधायक मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और आक्रोशित नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ बात की एवं मंत्री राजपूत ने पीड़ति परिजनों की मांगों को सुना, एवं उन्हें अस्वस्थ किया कि आरोपी के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री राजपूत ने पीड़ति परिवारजनों से अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि, दुख की इस घड़ी में पीड़ति परिवार और राहतगढ़ के लोगों के साथ हूं। परिवार जनों के लिए हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री राजपूत ने एसडीएम और टीआई को सत्येंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उसके द्वारा दायर आरटीआई की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि फर्जी प्रकरणों का खुलासा हो सके। मंत्री राजपूत ने पीड़ति परिवार जनों को आश्वासन दिया कि दोषी के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी एवं आरोपी पाए जाने पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। मंत्री राजपूत के आश्वासन और समझाइश के बाद पीड़ति परिवारजनों और लोगों ने जाम समाप्त किया। थाना प्रभारी ने पुष्टि की कि जांच के बाद सत्येंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। मंत्री राजपूत ने पीड़ति परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने मृतक के अंतिम संस्कार के लिए राहतगढ़ से उनके पैतृक निवास तक नगर परिषद कर्मचारियों, परिजनों और स्थानीय लोगों के लिए एक बस की व्यवस्था की, जिससे लोग अंतिम संस्कार में शामिल हो सकें। इस मौके पर नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष पप्पू तिवारी, मंडल अध्यक्ष प्रियांक तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जाहिर कुरैशी, ऋषभ ओसवाल सहित प्रतिनिधि, कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्रों की पुस्तकें कबाड़ी को बेचने के आरोप में प्राचार्य आर.के. रोहित को किया निलंबित

**सागर।** सागर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मगरधा, विकासखंड बंडा, जिला सागर के प्राचार्य एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक आर.के. रोहित को छात्रों की पुस्तकें अनाधिकृत रूप से कबाड़ी को बेचने के गंभीर आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। ग्रामीणों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को की गई कि प्राचार्य, श्री आर.के. रोहित, उच्च माध्यमिक शिक्षक, एवं प्र. प्राचार्य, शास.मा.शाला मगरधा, विकास खण्ड बण्डा-सागर द्वारा संस्था के छात्रों की उपयोगी पुस्तकें अनाधिकृत रूप से कबाडी को बेची जा रही है। उक्त घटना जिले के समाचार पत्रों सहित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रकाशित वायरल हो गई। उक्त घटना को संज्ञान में लिया जाकर जॉच दल गठित कर जॉच कराई गई। जांच दल द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन अनुसार सुनील जैन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों अभिभावकों, पिकअप चालक, और पंचनामा के आधार पर प्रतीत हुआ कि, पुस्तकों से भरे पिकअप पुस्तकें विक्रय हेतु कार्य की प्राथमिक तैयारी थी। उक्त घटना के कारण से विभाग, प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। कलेक्टर जिला सागर से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत प्राचार्य, श्री आर.के. रोहित, उच्च माध्यमिक शिक्षक प्रथम दृष्टया दोषी प्रतीत होते है। उनका उक्त कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के अंतर्गत अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का द्योतक होकर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत सागर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने आर.के. रोहित को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।



## गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर यात्रा का सागर में होगा भव्य स्वागत

**सागर।** गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर असम से निकली शहीदी यात्रा कल 13 सितंबर को सागर पहुँचेगी। इस यात्रा के स्वागत की तैयारियों को लेकर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में गुरुद्वारा साहिब भगवानगंज में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, सीएसपी ललित कुमार कश्यप, डीएसपी मयंक चौहान सहित गुरुद्वारा कमेटी और समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि "गुरु तेग बहादुर जी को 'हिंद की चादर' कहा जाता है। उन्होंने हिंदू समाज की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। इसलिए यह कार्यक्रम केवल सिख समाज का ही नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज का है। यात्रा खुरई रोड से नगर में प्रवेश करेगी और जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा में पूज्य गुरुजी के शस्त्र भी रहेंगे, जिनके दर्शन से सभी श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। बैठक में समिति के प्रमुख सतेंद्र सिंह होरा, टीटू चावला, संजय दुबे, धर्मेंद्र खटीक, रामू ठेकेदार, कैलाश हसानी, कन्हई पटेल, नरेश धानक, प्रभु दयाल साहू, राहुल वैद्य, सुरेंद्र जैन मालथोन, अजित जैन नीटू, रीतेश जैन मडावरा, सुरेश हसरेजा, टीआई रोहित दोगने सहित गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।





## प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर, विद्यार्थी अपनी क्षमता और कौशल को बढ़ाएं: कुलपति

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल तथा बेंगलुरु स्थित उन्नति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'यूएनएक्सटी एम्प्लॉयबिलिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम' का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. ठाकुर ने कहा कि इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर बहुत हैं लेकिन इन अवसरों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, दक्षता और कौशल की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता. कई बार इंडस्ट्री की जरूरत के मुताबिक़ अभ्यर्थी ही नहीं मिलते और युवा मन इस बात से निराश हो जाता है कि उनके लिए रोजगार के अवसरों की कमी है. इसलिए प्रत्येक क्षेत्र के अनुरूप जिस तरह की स्किल, क्षमता, दक्षता और मेहनत की जरूरत हो, उन्हें अपने भीतर विकसित करना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के भविष्य निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. आशीष वर्मा ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्लेसमेंट की तैयारी हेतु ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्नति फाउंडेशन की ट्रेनर डॉ. साहिबा नासिर ने बताया कि इस कार्यक्रम द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी तथा कार्यक्रम के फोकस क्षेत्र स्पोकन इंग्लिश, प्रभावी संचार, जीवन कौशल, व्यक्तिगत विकास, आत्मविश्वास निर्माण, सार्वजनिक भाषण और मॉक इंटरव्यू रहेंगे।विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट और स्टार्टअप सेल के समन्वयक डॉ. अभिषेक बंसल ने बताया कि यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्रतिदिन तीन घंटे की गतिविधि-आधारित सत्रों के माध्यम से संचालित होगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को 'उद्योगम पोर्टल' के माध्यम से रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में यू.जी., पी.जी. के फाइनल ईयर के छात्र-छात्राएँ शामिल हुए तथा लगभग 180 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

## सत्य के मार्ग पर चलना ही धर्म है: अविराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर





भाजपा युवा नेता श्री अविराज सिंह खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निर्तला से सुनेटी के सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुये, और खुरई स्थित सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा शहनाई गार्डन में आयोजित भव्य विमानोत्सव एवं क्षमावाणी महापर्व में शामिल हुये। विमानोत्सव का आयोजन मुनि श्री निष्कंप सागर जी और मुनि श्री निष्काम सागर जी के परम् सानिध्य में तथा अभिषेक भैया के निर्देशन में किया गया।

अविराज सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति में ये माना गया है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुवात हमेशा ईश्वर के चरणों में प्रणाम करके करनी चाहिए, इसलिए संस्कृत के स्त्रोत श्री वेंकटेश्वर से शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का मूल मंत्र है अपने देश की सेवा। कोई भी तभी आगे बढ़ता है जब उस राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का विकास में योगदान होता है। आप अपने वार्ड, ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाये, विगत दिवस 11 सितम्बर मैंने राष्ट्र के युवाओं से आव्हान किया कि हम सभी युवा साथी जनजागरण अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र हमारा परिवार है। आपके हर सुख दुख में हम आपके साथ हैं और आज मैं आप सभी के बीच में आया हूं तो यह संदेश आप सभी को देना चाहूंगा हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म भारत में हुआ है। भारत वह भूमि है, जहां पर देवता जन्म लेने के लिये तरस्ते हैं। भारत भगवान श्री राम की धरती है, भगवान श्री कृष्ण की धरती है। भगवान श्री राम ने हमें संदेश दिया, रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाये पर वचन न जाये। भगवान श्री कृष्ण ने हमे संदेश दिया नास्ति सत्यार्थ परोधर्मा जिसका अर्थ है कि सत्य से बढ़कर और सत्य के मार्ग पर चलना ही हमारा धर्म है। भगवान श्री कृष्ण ने हमें यह संदेश दिया है। यह सदी भारत के युवाओं की सदी है इसलिए हम सभी को मिलकर 2047 तक एक विकसित राष्ट का, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा। हम सभी इसके लिए प्रयास करें, निरंतर अपनी विधानसभा क्षेत्र को आगे बढ़ाएं।

## उल्दन बांध से संबंधित भुगतान सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम स्तरीय समस्या निवारण शिविर आयोजित

**सागर।** कलेक्टरके निर्देश पर उल्दन बांध से संबंधित भुगतान सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम स्तरीय समस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आयोजित शिविर में पूर्व से तैयार नस्तियाँ तथा ग्राम से संबंधित अभिलेख सहित आयोजित शिविर में उपस्थित होंगे एवं आयोजित शिविर की सूचना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे विभिन्न प्रचार माध्यमों से किया जावे। कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम हनोता उबारी में समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नायब तहसीलदार बहरोल, सहा. परि. प्रबंधक वीना पी.एम.यू., उपयंत्री, जल संसाधन विभाग एवं संबंधित हल्का पटवारी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों की विस्थापन एवं भुगतान संबंधी शिकायतों को सुना गया, मुआवजा की राशि वितरण हेतु अप्राप्त बैंक खातों को एकत्र किए गए एवं सहखातेदारों की सहमति एवं मिशल बंदोबस्त त्रुटि से संबंधित मामलों की जांच पश्चात मुआवजा की राशि हितबद्ध के बैंक खातों में अंतरित किये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए।

## गढाकोटा में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, एक युवक की मौत

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में गुरुवार कि रात दमोह रोड स्थित बंदे मातरम ढाबा के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें एक कि मौत हो गई है वहीं दूसरे के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर किया गया। घटना कि जानकारी लगते ही आपातकाल सेवा 108 और 112 घटना स्थल पर पहुंची जिनकी मदद से मृतक व घटना में पीड़ित युवक को गढाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। ड्यूटी डाक्टर संदीप सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि एंबुलेंस से दो लोग आए हुए थे जिसमें एक कि मौत हो चुकी थी तो वही दूसरे के सिर में चोट होने के कारण सागर रेफर किया गया ह। थाना गढाकोटा में पदस्थ उपनिरीक्षक संजय मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार सागर दमोह रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें दो लोग बैठे हुए थे। जिसमें एक जीवन पटेल निवासी दीनदयाल वार्ड कि मौत हो गई है वहीं दूसरा लखन सिंह राजपूत को गंभीर चोटे आई है पुलिस के द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## साईकल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे

# पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने 19 स्कूलों के 475 छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा में शुक्रवार के दिन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 19 स्कूलो के संकुलों के स्कूली छात्र छात्राओं को 475 निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विधायक गोपाल भार्गव थे। साईकल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम को श्याम लाल सोनी, बसंत यादव, एम एल पटेल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर भार्गव ने उद्बोधन मे कहा कि पहले के समय जब मे इसी स्कूल मे अध्यन करता था। तब बैठने के लिए घर से फट्टी की बोरी लानी पड़ती थी। गुरुजनों की खूब इज्जत होती थी। जब मे पहली बार विधायक चुना गया तो पूरे पांच साल का वेतन मैने विद्या परिसर के लिए दान कर दिया था। उन्होंने बताया की डाकू माधव सिंह अपना जादू का खेल दिखाने आया तो मैंने अपनी टॉकीज परिसर मे खेल चलवाया। उसने अपनी टिकिट के





पूरे पैसे स्कूल के लिए दान करवाये थे और मैंने यह मंच बनवाया था। भार्गव ने कहा कि बच्चों को सभी सुविधाएं मध्य प्रदेश शासन कर रहा है। यदि और कोई भी जरूरत बच्चों को हो तो मुझे बताये। साथ ही भार्गव के द्वारा छात्र छात्राओं पर पुष्प वर्षा की गई । संचालन विक्की जैन ने किया। आभार इस अवसर पर तहसीलदार महेश दुबे, वीईओ हेमराज कोरी, बीआरसी आर.डी अहिरवार, वी.ए.सी लीलाधर जाटव, सी.ए.सी कमलेश खरे, प्राचार्य हरिशंकर सोनी, अनुज पटेल प्राचार्य, बाबू संजय लहरिया, आशीष वर्मा, श्यामलाल सोनी, बसंत यादव, हरिनारायन पटेल, पार्षद गण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं,अभिभावक एवं शिक्षक शिक्षिकाऐ मौजूद थे।

## भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा, चारों मंडलों की संयुक्त कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारतीय जनता पार्टी सागर विधान सभा अंतर्गत 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से प्रारंभ होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत चारों मंडलों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन संभागीय भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेन्द्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव सेवा और संगठन की भावना के साथ कार्य करती आई है। हमारे कार्यकर्ता ही हमारी असली शक्ति हैं। आने वाले समय में हमें समाज के हर वर्ग तक पहुँचकर यह संदेश देना है कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि सेवा का पर्याय है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हम सभी सेवा पखवाड़ा मनाने जा रहे हैं। यह समय हम सबके लिए एक अवसर है कि हम गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों तक पहुँचें, उनके साथ खड़े हों और उनकी मदद करें। हमें यह दिखाना है कि भारतीय जनता पार्टी समाज के साथ खड़ी है और उसकी हर समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर है। मैं आप सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूँ कि पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। युवा मोर्चा के साथियों ने विदेशी सामान के बहिष्कार और उद्यमिता के प्रचार-प्रसार की जो शपथ ली है, वह वास्तव में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को साकार करना है। सागर की धरती से हम सब यह संदेश दें कि भाजपा का हर कार्यकर्ता जनता के बीच सेवा और सद्भाव का प्रतीक बने। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है। आने वाले समय में हमें समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा और समर्पण का संदेश देना है। पार्टी ने तय किया है कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हम सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा मनाएंगे।

पीएम मोदी से मन की बात में जिला एसपी सहित समस्त पुलिस का उल्लेख कराने करूंगी प्रयास

# जिला पुलिस वेतन की जगह सेवा हेतु कर रही कार्यः प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में कार्य कर रही जिला पुलिस की कार्यप्रणाली व सुखद परिणामो को देखकर प्रभारी मंत्री इतनी प्रसन्न हुई कि उन्होंने मीडिया से कहा कि जिले की पुलिस सिर्फ वेतन के लिये नहीं बल्कि जनता की सेवा करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है।

प्रभारी मंत्री गौर ने यह भी कहा कि वह प्रयास करेंगी कि जिले के एसपी मंडलोई और जिले की समस्त पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में उल्लेखित करते हुए संपूर्ण देश को जिले की पुलिस की जनहित नीतियों से अवगत कराये।



## मातृत्व व पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मां की बगिया का किया शुभारंभ

पुलिस लाइन परिसर में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की अभिनव पहल पर विकसित ‶माँ की बगिया″ का शुभारंभ किया। यह अनूठी पहल मातृत्व को समर्पित होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिले की ऐतिहासिक शुरुआत है। पुलिस लाइन परिसर में विकसित एवं सरंक्षित की जा रही माँ की बगिया में पुलिस बल एवं आमजन की सहभागिता से लगभग 8,000 फलदार पौधे लगाए जाएंगे। हर पौधा ‶एक पेड़ माँ के नाम″ के संकल्प के साथ रोपा जाएगा, ताकि हर नागरिक अपनी माँ के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व दोनों का निर्वहन कर सके।

### प्रदेश व देश के लिये अनुकरणीय पहलः प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीकमगढ़ की यह पहल पूरे प्रदेश और देश के लिए अनुकरणीय है। यदि हर व्यक्ति अपनी माँ की स्मृति में एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे, तो आने वाली पीढ़ियों को हरियाली और स्वच्छ वातावरण की अमूल्य धरोहर मिलेगी। वृक्षारोपण केवल पेड़ लगाने का कार्य नहीं है, बल्कि यह मातृत्व के सम्मान और जीवन की सुरक्षा का संकल्प है।″ उन्होंने जिलेवासियों से आव्हान किया कि वे आगे आकर इस जनअभियान को सामूहिक आंदोलन में बदलें।

### वेस्टेज पानी को पुनः उपयोग करने लायक बनाने व पर्यावरण की मिसाल पुलिस लाईन में

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि पुलिस लाइन परिसर में पूर्व से ही 10,000 पौधों का रोपण कर उनका संरक्षण किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में भी वृक्षारोपण किया गया है और आमजन को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण और समाज की भावी पीढ़ियों के प्रति भी सजग है। इसी भावना से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पौधों की सिंचाई हेतु पुलिस आवासीय परिसरों से निकलने वाले वेस्टेज पानी को शुद्ध कर पुनः उपयोग में लाया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण के साथ पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। साथ ही, पौधों को जानवरों से सुरक्षित रखने हेतु व्यापक प्रबंध भी किए गए हैं।

देहात थाना क्षेत्र के नयाखेरा गांव की घटना, कई घंटों की मशक्कत के बाद मिला शव

# तालाब में डूबने से 65 वर्षीय महिला की मौत एसडीईआरएफ ने चलाया रेस्क्यू अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत नयाखेरा गांव से बड़ी खबर सामने आई है। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक 65 वर्षीय महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीईआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया और कई घंटों की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार मृतका गनेशी अहिरवार 65 वर्ष मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही हैं, जो कई वर्षों से अपने खेत पर ही निवास कर रही थीं। घटना सुबह उस समय हुई जब वे अपने ही खेत पर स्थित लगभग 50 से 60 फीट गहरे निजी तालाब से पानी भर रही थीं। अचानक पैर फिसलने से वे तालाब में गिर गईं और डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीईआरएफ की टीम ने लगातार सर्चिंग अभियान चलाकर शव को बाहर निकाला। इस दौरान एफएसएल अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव भी मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम ने पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, महिला अक्सर अकेले ही तालाब से पानी भरने जाया करती थीं। आज सुबह भी वह अकेली ही पानी भरने गईं थीं, लेकिन हादसा हो गया। मौके पर पुलिस बल, एसडीईआरएफ और एफएसएल टीम की संयुक्त मौजूदगी रही। पूरे क्षेत्र में इस दर्दनाक घटना की चर्चा बनी हुई है।



एसपी के महिला सुरक्षा अभियानों पर आधारित पुस्तक का प्रभारी मंत्री ने किया विमोचन

# जिला पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयास संपूर्ण प्रदेश के लिए अनुकरणीयःगौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़।

पुलिस लाइन परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता और समानता के लिए किए गए नवाचारों पर आधारित विशेष पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा नीड, परी, भरोसा, सहारा और आसरा जैसे अभियानों के माध्यम से किए जा रहे प्रयास जिले के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय उदाहरण हैं। विमोचित पुस्तक में महिला सुरक्षा दलों की कार्यप्रणाली, नागरिक सुरक्षा के लिए विशेष उपाय, जनजागरूकता कार्यक्रम, एवं टीकमगढ़ पुलिस की नवाचार और उपलब्धियों का संकलन किया गया है। यह पुस्तक न केवल पुलिस अधिकारियों के लिए मार्गदर्शक है, बल्कि आम नागरिकों और समाज के हर वर्ग के लिए भी सुरक्षा और जागरूकता का मार्गदर्शन प्रदान करती है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने एसपी मनोहर सिंह मंडलोई की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में टीकमगढ़ पुलिस ने महिला सुरक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। समारोह के दौरान महिला सुरक्षा अभियानों पर आधारित विस्तृत चर्चा हुई और उपस्थित नागरिकों तथा अधिकारियों को पुस्तक की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस पुस्तक के विमोचन से जिले में महिला सुरक्षा के प्रयासों को और गति मिलने की उम्मीद है।




69वीं संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का समापन

# स्वर्णिमिक भविष्य की कल्पना खेलकूद के बगैर संभव नहींः चंदा सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित संभागीय कबड्डी व योगासन प्रतियोगिता का बीते रोज समापन किया गया। तीन दिन लगातार सागर संभाग के 6 जिलों में टीकमगढ़, सागर, दमोह पन्ना, छतरपुर के बालक-बालिकाओं ने वर्ग 14 वर्ष, वर्ग 17, वर्ष वर्ग ,19 वर्ष में जबरदस्त खेल का जलवा बिखेरा। 19 वर्ष बालिका वर्ग में निवाड़ी की टीम विजेता रही। इसके साथ ही सागर की टीम उप विजेता रही। 17 वर्ष बालिका वर्ग कबड्डी में सागर की टीम विजेता रही जबकि उपविजेता के रूप में दमोह की बालिकाओं ने अपने खेल का जौहर दिखाया। अंदर-19 वर्ष बालक वर्ग में टीकमगढ़ और छतरपुर की टीम के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। तथा अंदर 17 बालक वर्ग में भी टीकमगढ़ और छतरपुर के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में टीकमगढ़ विजेता व छतरपुर उप विजेता रही योगासन में बालिका 14 वर्ष सागर विजेता नहीं वही उपविजेता के रूप में छतरपुर के खिलाड़ियों ने योग में अपने जौहर दिखाएं तथा बालक वर्ग 14 वर्ष में सागर विजेता तो दमोह उपविजेता रही।समापन के दौरान सागर संभाग के समस्त जिलों के खिलाड़ी अपने-अपने जिले के ध्वज के साथ रामराजा ग्राउंड पर उपस्थित रहे। तथा इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर, नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, विश्वदीप चौहान, अवधेश रावत, प्रताप मिश्रा, कमलेश अहिरवार, नीरज देशमुख ,वीरेंद्र मिश्रा संभाग स्तरीय योगासन तथा कबड्डी सभी खेलों में तीनों दिन रेफरी के रूप में जक्कल ,हसीरूद्दीन खान, शैलेंद्र सिंह राय, तथा योग में राम सिंह राजपूत, पन्नालाल अहिरवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षा विभाग की तरफ से सहायक संचालक सी एल अहिरवार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैन साहब, प्राचार्य महेश रावत, मॉडल स्कूल प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत, गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य प्यारेलाल अहिरवार, श्रीमती गोमती खटीक, रईस खान, रफीक खान, मीडिया प्रभारी के रूप में इमरान खान, हिमांशु रजक मंच संचालक के रूप में किरण भार्गव तथा राजेंद्र जैन के द्वारा किया गया।

सीसीटीवी फुटेज और गोपनीय सूचना के आधार पर दबोचा गया आरोपी

# एटीएम छेड़छाड़ प्रकरण में पुलिस की बड़ी सफलता, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के खरगापुर कस्बे में एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत खरगापुर थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खरगापुर निरीक्षक अम्बर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने बैंक एटीएम के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी मंजीत पाल, निवासी थाना मांधाता, जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। इस सफलता में थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह सिकरवार, उप निरीक्षक कविता दुबेदी, सहायक उप निरीक्षक पन्ना लाल, प्रधान आरक्षक सनिल शर्मा और आरक्षक रामसिंह यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने न केवल आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाया, बल्कि एटीएम से छेड़छाड़ जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देने की कोशिश करने वालों में भी खौफ पैदा कर दिया है।

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने बंडा नहर अवलोकन कर की सराहना

# ऐतिहासिक नहर का कायाकल्प देख मंत्री ने की कलेक्टर की तारीफ़

**टीकमगढ़**। दो दिवसीय जिला प्रवास पर आई प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने ज़ब ऐतिहासिक बंडा नहर का कायाकल्प देखा तो कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की तारीफ़ करे बिना नहीं रह सकी। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बंडा नहर का जीर्णाद्धार तथा सफाई कार्य किया गया था जिसके बाद वारिश के मौसम में शहर वासियो ने कई वर्षो के बाद नहर में शुद्ध पानी को बहते हुए देखा था। साथ ही प्राचीन समय में बहने बाले झरनो को पुनः देखने का सुखद अवसर मिला था।

प्रभारी मंत्री गौर ने नगर पालिका टीकमगढ़ अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बंडा नाला नहर के जीर्णाद्धार तथा सफाई कार्यों का अवलोकन किया तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महेंद्र सागर तालाब के ओवरफ्लो पानी को शहर के वृंदावन तालाब तक ले जाने के लिए बंडा नाला नहर की साफ सफाई कराई गई तथा गृह स्वामियों की सहमति से नाले पर किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया गया। मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री एवं टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री गौर ने जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री राहुल सिंह, पूर्व विधायक राकेश गिरि गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, नपा सीएमओ आदि रहे मौजूद।



जिले के दौरे पर आईं थीं प्रभारी मंत्री, समस्याएं लेकर पहुंची थी मुछआ समिति की महिलाएं

# ‘अपनी गुहार सुनाने घंटों इंतजार करती रह गई महिलाएं, नहीं हुई सुनवाई’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़।

जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किये गये जिले के दो दिवसीय प्रवास को लेकर जिले की जनता द्वारा मीडिया से कहा गया कि प्रभारी मंत्री से सवाल पूंछा जाए कि आखिर जिले प्रवास सिर्फ कार्यक्रम करने, बैठक लेने तक ही होता है। क्या प्रभारी मंत्री के जिले में प्रवास के दौरान जिले की जनता की समस्याओं को सुनने या उनके समाधान किये जाने के कार्यो के लिये कोई नहीं जगह नहीं होती?? यह सवाल जनता ने तब पूंछा गया ज़ब अपनी समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री से मिलने की आस लिये कई महिलाओ को लाईन में खड़े होकर घंटो इंतजार करते हुए देखा गया लेकिन इसके बावजूद भी महिलाओं से प्रभारी मंत्री नहीं मिली। और बिना मिले और बिना समस्या सुने प्रभारी मंत्री चली गई। जिससे मायूस और हताश महिलाओ का गुस्सा फूट पड़ा। और उन्होंने मीडिया को अपनी आपवीती सुनाई।

## प्रभारी मंत्री को आवेदन सौंपने जिला मुख्यालय पहुंची महिलाएं, नहीं हो पाई मुलाकात



जिले की जनता ने अपना गुस्सा प्रभारी मंत्री की रस्मअदायगीपूर्ण कार्यप्रणाली और उदासीनता पर फोड़ते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री सिर्फ रस्मअदायगी के तौर पर जिले के प्रवास पर आ रही है। क्योंकि जिले में स्कूलों को मदिरापान और शयनकक्ष की जगह बनाते शिक्षक, रसातल में पहुंच चुकी स्वास्थ्य व्यवस्थाओ, नंबर बढ़ाने के उद्देश्य से समस्या का समाधान किये बिना जबरदस्ती बंद की जा रही सीएम हेल्पलाइन शिकायतें, रिश्वत लेते हुए लगातार ट्रेप होकर पकड़े जा रहे शासकीय कर्मचारी, अफीम गांजे की खेती होने और बड़ी मात्रा में पकड़े जाने की खबरें, अवैध शराब का कारोबार, अवैध हथियारों की फैक्ट्री जैसी खबरों से प्रतिदिन जिले के अखबार रंगे हुए आ रहे है। जिनकी कटिंग भी प्रदेश सरकार तक पहुंचती है। लेकिन प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा इन जनहित से संबंधित समस्याओ के संबंध में जिला प्रशासन को कोई दिशा निर्देश नहीं दिए गये। और न ही मीडिया में कोई बयान दिया गया कि उक्त समस्याओं को लेकर क्या कदम उठाये जायेंगे।

### विभाग की मनमानी के बाद अब प्रभारी मंत्री की उदासीनता से हताश महिलाये

जिले के बल्देवगढ़ अंतर्गत बलवंतपुरा मत्स्योद्योग सहकारी समिति के मछुआरे शुक्रवार को सुबह से ही बड़ी आशा के साथ प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को अपना आवेदन सौंपने पहुंचे थे। लेकिन अफसोस की बात ये है कि मत्स्य विभाग में न्याय के लिये महीनों भटकने के बाद प्रभारी मंत्री के दो दिवसीय प्रवास में भी उनकी बात को अनदेखा व अनसुना कर दिया गया। आवेदन हाथ में लिए मछुआ समिति की महिलाये घंटों इंतज़ार करती रही। और अंततः उनकी व्यथा प्रभारी मंत्री तक नहीं पहुंच पाई। इस अपमान और अनदेखी से मछुआरों में गहरी नाराज़गी है।

### पट्टा प्रक्रिया में महीनों की देरी, दफ्तरो के चक्कर लगाने को मजबूर समिति

बलवंतपुरा समिति की महिलाओ ने बताया कि ग्राम पंचायत जटेरा ने 11 जून को ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर तालाब पुरैनिया बलवंतपुरा ऊगड़ समिति को 10 वर्ष के लिए पट्टे पर देने की अनुशंसा की थी। पंचायत सचिव ने 13 जून को सभी दस्तावेज़ विभाग में जमा कर पावती भी दे दी थी। इसके बाद भी सहायक मत्स्य अधिकारी द्वारा तीन-चार माह से फाइल अटका रही हैं और समिति महिलाओ को बार-बार दौड़ाकर थका रही हैं। लेकिन महिलाओ की सुनवाई नहीं की जा रही। तब बड़ी आशा से मछुआ समिति की महिलाओ द्वारा बड़ी ही आशा से प्रभारी मंत्री तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया गया लेकिन यहां भी हताशा ही हांथ लगी।



### भूखी-प्यासी महिलाये पहुंची थी प्रभारी मंत्री से मिलने लेकिन मिला सिर्फ़ इंतज़ार

समिति की दर्जनों महिलाये शुक्रवार को सुबह से ही भूखी - प्यासी महिलाओ ने प्रभारी मंत्री को आवेदन सौंपने जिला मुख्यालय पहुंच गई थी। लेकिन उनकी उम्मीदें उस समय धराशायी हो गईं जब प्रभारी मंत्री बिना मिले ही चली गई। समिति की महिलाओ का आरोप है कि प्रभारी मंत्री ने भी उनकी ओर ध्यान नहीं दिया। इससे आक्रोशित मछुआरों ने कहा कि जब विभाग भी सुन नहीं रहा और प्रभारी मंत्री भी अनसुना कर रही हैं तो वे जाएँ तो जाएँ कहाँ?

### आजीविका पर संकट, आंदोलन की चेतावनी

समिति की महिलाओं ने कहा कि तालाब का पट्टा ही उनकी रोज़गार की जीवनरेखा है। लगातार टालमटोल से छोटे-छोटे परिवारों की आय रुक गई है और घर चलाना मुश्किल हो रहा है। यदि तत्काल पट्टा जारी नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो मछुआरे सामूहिक आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। जिला मत्स्य विभाग बीते कुछ समय से लगातार विवादों में घिरा हुआ है। कभी भ्रष्टाचार, कभी अतिक्रमण के आरोप और अब पट्टों में देरी। हर मामले में विभाग की भूमिका संदिग्ध नज़र आ रही है। किसानों और मछुआरों का कहना है कि अब यह सिर्फ़ विभागीय लापरवाही नहीं, बल्कि आजीविका छीनने जैसा अपराध है। और प्रभारी मंत्री भी नहीं सुन रही।

### राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त बाबू का दावा उसके नाम है जमीन की रजिस्ट्री

# इरिगेशन की बेशकीमती ज़मीन पर कब्जे का प्रयास,एसडीएम ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बायपास रोड स्थित जल संसाधन विभाग की बेश कीमती जमीन जिसे टीन शेड के नाम से जाना जाता है पर कुछ लोगों ने कब्जा करने की नीयत से नींव खुदवा कर निर्माण शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर मौके पर पहुंचे एसडीम गगन सिंह मीणा ने काम रुकवा कर खोदी गई नींव को वापस भरने और आरोपियों के नाम चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश तहसीलदार मनीषा मिश्रा को दिए। उधर जिस व्यक्ति ने उक्त जमीन पर जेसीबी से नीव खुदवाने का काम किया है वह राजस्व विभाग का सेवानिवृत्त बाबू बताया जा रहा है जो उक्त जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम होने का दावा कर रहा है।

दरअसल बायपास रोड पर टीनशेड के नाम से जल संसाधन विभाग की बेश कीमती जमीन स्थित है इस जमीन पर चंबल नहर निर्माण के दौरान मशीनों का स्टोरेज बनाया गया था जिसके चलते वहां भारी भरकम टीम सेट लगाए गए थे इस विशालकाय मैदान पर कई बार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जैसा महा आयोजन आयोजित किया जा चुका है कई बड़े-बड़े आयोजन भी यहां आयोजित किया जा चुके हैं। इसी स्थान पर किसी व्यक्ति ने कब्जे की नीयत से नींव खुदवाकर निर्माण शुरू कर दिया, हालांकि प्रशासन ने निर्माण को रुकवा दिया लेकिन जो व्यक्ति निर्माण कर रहा था उसका दावा है कि यह जमीन उसके स्वामित्व की है और उसने 2011 में इसकी रजिस्ट्री करवाई थी। एसडीएम के समक्ष उसने रजिस्ट्री भी उपलब्ध कराई है। एसडीएम गगन सिंह मीणा ने रजिस्ट्री के आधार पर जमीन की नोईयत के खंगालने के निर्देश तहसीलदार को दिए हैं। मजे की बात तो यह है कि जिस जमीन पर कब्जा हो रहा है और भारी हंगामे के बाद प्रशासन ने वहां पहुंचकर कार्रवाई भी कर दी पर इसकी भनक जमीन के मालिक जल संसाधन विभाग के अफसरों के कानों कान नहीं पहुंच सकी।



#### जानकारों का कहना तरमीम बदलकर कब्जे का प्रयास

मौके पर पहुंचे एसडीम को जमीन पर कब्जा करने वालों ने उक्त जमीन उनकी बताते हुए साथ ही जमीन की 2011 में कराई गई रजिस्ट्री दिखाई और उसी समय कराए गए नामांतरण की कॉपी भी एसडीएम को दी। पहली ही नजर में उक्त जमीन संबंधित के स्वामित्व में दिखाई पड़ रही है पर प्रशासन अभी इस मामले में जल्दबाजी करना नहीं चाह रहा वह तसल्ली किए बिना निर्णय लेने की जल्दबाजी में दिखाई नहीं पड़ रहा है। राजस्व विभाग से जुड़े एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 2011 में रजिस्ट्री भी हुई है और नामांतरण भी कराया गया है लेकिन तरमीम में जगह बदली गई है। जिस जगह की रजिस्ट्री कराई गई है वह जगह कहीं और है तरमीम करते समय उसे नक्शे में गलत इंद्राज किया गया है और यह काम इतनी चालाकी से किया गया है कि बिना विभाग की मदद के यह हो ही नहीं सकता जिस व्यक्ति पर उक्त जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगा है वह राजस्व विभाग का सेवानिवृत कर्मचारी है।

#### इनका कहना है...

जानकारी मिली थी कि बायपास रोड पर पर जल संसाधन विभाग के स्वामित्व वाली सरकारी जमीन पर कोई व्यक्ति नींव खुदवाकर निर्माण कर रहा है। हमने मौके पर पहुंच कर निर्माण रुकवा दिया है संबंधित ने उक्त जमीन की रजिस्ट्री होना बताया है जिसकी जांच अभी की जा रही है।

**गगन सिंह मीणा**
**एसडीएम श्योपुर**

टीनशेड़ और उसके आसपास की पूरी जमीन जल संसाधन विभाग की है इस पर कोई कैसे कब्जा कर सकता है, इसकी रजिस्ट्री होना असंभव है। इस पर कब्जा करने की जानकारी मुझे आपसे मिली है मैं अभी मौके पर किसी को भेज कर जानकारी मंगवाता हूं।

**चैतन्य चौहान**
**ईई जल संसाधन विभाग श्योपुर**

उक्त जमीन की मैने 2011 में ही रजिस्ट्री कराई थी यह जमीन जल संसाधन विभाग की नहीं है। मेरे द्वारा एसडीम को रजिस्ट्री और नामांतरण की कॉपी उपलब्ध कर दी है। मेरे ऊपर सरकारी जमीन पर कब्जा करने के आरोप निराधार है।

**बीएल आर्य**
**जमीन की रजिस्ट्री उपलब्ध कराने वाला**

### विजयपुर थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस बोली मामले की जांच जारी

# प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को परिजनों ने बनाया बंधक,रस्सियों से बांधकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रात के अंधेरे में अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर आए प्रेमी को परिवार के लोगों ने दबोच लिया और रातभर में उसे बंधक बनाकर रखने के बाद उसकी हाथ पैर रस्सियों से बांधकर मारपीट कर दी। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के डाबीपुरा गांव का है। इस मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उधर विजयपुर थाना पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के गुरीच्छा निवासी युवक का यहां डाबीपुरा निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। प्यार इतना अधिक परवान चढ गया कि प्रेमिका ने अपने आशिक को उसके गांव में बुला लिया। इसके बाद प्रेमी रात्रि के दौरान प्रेमिका के घर पहुंच गया। जिसका पता प्रेमिका के परिजनों को चला तो उन्होंने प्रेमी युवक को घर के अंदर ही दबोच लिया और उसे कमरे में बंद कर दिया और सुबह हाथ पैर बांधकर उसकी बेहरमी से मारपीट कर डाली। बाद में यहां लोगों की भीड जुट गई। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। लेकिन पुलिस जब तक मौके पर पहुंची,तब प्रेमी युवक को परिजनों ने छोड दिया और जिसके बाद वह भागखडा हुआ। लेकिन प्रेमी युवक की मारपीट का किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस मामले में विजयपुर टीआई राकेश शर्मा का कहना है कि इस तरह की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### विजयपुर पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज की क्रॉस एफआईआर

# मैदावली में जमीनी विवाद पर चली लाठी, कुल्हाडी, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मैदावली में बीती शाम को जमीनी विवाद को लेकर दो परिवार के लोग आपस में भिड गए, इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों के बीच आपस में लाठी और कुल्हाडी चल गई। इस विवाद में दो महिलाओ समेत तीन लोग घायल हो गए,जिन्हें इलाज के लिए विजयपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मैदावली निवासी दीपेन्द्र बैरागी और रामप्रकाश बैरागी के परिवार के लोगों के बीच गुरूवार को जमीन जोतने संबंधी बात को लेकर कहासुनी हो गई। गाली गलौच से शुरू हुआ विवाद इतना बढ गया कि दोनों पक्षों के लोगों के बीच लातघूसे,लाठी और कुल्हाडी चल गई। इस विवाद में एक तरफ से महिला रचना बैरागी घायल हो गई। जबकि दूसरी तरफ से रामप्रकाश और उसकी पत्नी सिया बैरागी घायल हो गई। सिया बैरागी के सिर में लगी चोट कुल्हाडी की बताई गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में भर्ती करवाया और इस मामले में घायल महिला रचना पत्नी दीपेंद्र बैरागी की रिपोर्ट पर रामप्रकाश बैरागी, सिया बैरागी, मुकेश, सुनील बैरागी तथा रामप्रकाश पुत्र सीताराम बैरागी की रिपोर्ट पर दीपेन्द्र, रामनिवास और रचना के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

# विजयपुर में मुस्लिम समाज ने किया थाने का घेराव,श्योपुर में सौंपा ज्ञापन

### पैगम्बर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का नाम लेकर सोशल मीडिया पर ग्वालियर के एक व्यक्ति द्वारा की गई आपत्तिजनक पोस्ट से नाराज मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को विजयपुर थान का घेराव किया वहीं जिला मुख्यालय पर अंजुमन कमेटी ने कोतवाली पर पहुंचकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने आवेदन सोपा।

विगत दिनों ईद मिलादुन्नबी के त्यौहार के दिन ग्वालियर के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट डाली जिसमें पैगंबर के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। जिससे पूरे मध्य प्रदेश में मुस्लिम समाज में नाराजगी देखी जा रही है। हर जिले में ज्ञापन सौंपकर संबंधित पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई इस क्रम में शुक्रवार को जहां विजयपुर में मुस्लिम समाज अध्यक्ष हकीम खान उर्फ बंटी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने जुमा की नमाज के बाद दोपहर 2:30 बजे थाना पहुंचकर थाने का घेराव किया और टीआई राकेश शर्मा को एक आवेदन देते हुए संबंधित आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की तथा आवेदन की प्रति पुलिस अधीक्षक श्योपुर को भी भेजी गई है।



#### एफआईआर नहीं हुई तो जाएंगे कोर्ट में



अंजुमन कमेटी ने भी उक्त घटना से संबंधित एक आवेदन श्योपुर कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान को सौंपा जिसमें संबंधित के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए उल्लेख किया कि यह कृत संप्रदाय सद्भाव को बिगाड़ने वाला है ऐसे व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जरूरी है। अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी ने बताया कि अगर पुलिस इस मामले में एफआईआर नहीं करेगी तो वह एफआईआर दर्ज करवाने के न्यायालय की शरण जाने को मजबूर हो जाएंगे। शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी के हस्ताक्षर वाले आवेदन पर अंजुमन सदर नागौरी, वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष काजी असद उल्लाह कुरैशी, वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी, सुन्नतवल जमात के सेकेट्री अनवर रंगरेज, अंजुमन कमेटी के सेकेट्री हाफिज निसार, छोटू खान मौजूद रहे।

# कलेक्टर और एसपी से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल, कहा श्योपुर को नशा मुक्त बनाने करें कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भाजपा के एक प्रतिनिधी मंडल ने शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा और नवागत पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया है कि अवैध नशा कारोबार के खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई करते हुए श्योपुर को नशा मुक्त बनाने की दिशा में कार्रवाई की जाए। दरअसल इन दिनों जिले में अवैध नशा कारोबार को लेकर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई जा रही है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के साथ भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधी मंडल ने पहले नवागत पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल और फिर कलेक्टर अर्पित वर्मा से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया है कि श्योपुर जिले को नशा मुक्त किए जाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाए। इस मामले में कलेक्टर और एसपी ने जल्द उचित कदम उठाए जाने का भरोसा दिलाया है।

#### स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान 17 से

श्योपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण विषय विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंहसिकरवार ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर अंतर्गत महिलाओं का बीपी, डायविटीज और केंसर जैसी बीमारियों की जांच की जावेगी, खून की कमी, टीबी एवं सिकलसेल बीमारी की जांच व उपचार, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एएनसी चेकअप तथा बच्चों के लिए टीकाकरण की सुविधा रहेगी। मातृ एवं शिशु देखभाल हेतु जनजागरूकता संबंधित परामर्श दिया जावेगा।

### आरकेएसके के तहत सरकारी स्कूलों में लगाए जा रहे शिविर

# स्कूल में आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर में 65 बच्चों का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे स्वस्थ रहें, बीमारी के चलते किसी बच्चे या अभिभावक को परेशान न होना पड़े इस उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर इन दिनों सरकारी स्कूलों में चिकित्सकों की द्वारा पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित मिडिल स्कूल क्रमांक 1 में आयोजित हुए शिविर में 65 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ सीपी शर्मा ने करते हुए उन्हें मौके पर ही दवाइयां प्रदाय कराई।



डॉ सीपी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर मध्यप्रदेश के स्कूलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 10-19 वर्ष के किशोरों को पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, चोटों से बचाव, और पदार्थ के सेवन से बचाव जैसी सेवाओं के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य जाँच और निशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में काउंसलर की सुविधा भी बच्चों को उपल्ब्ध कराई जा रही है। काउंसलर विप्लव शर्मा ने बच्चों के व्यवहार और शारीरिक गतिविधियों को देखकर उनके मानसिक रूप से फिट होने की तसल्ली की। डॉ शर्मा ने बताया कि शिवरों का उद्देश्य किशोरों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें अपने स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में सशक्त बनाना है, जैसा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा संचालित किया जाता है। शिविर में ऐसे बच्चे जिनका इलाज संभव नहीं है उन्हें चिन्हित कर जिला अस्पताल भिजवाया जाता है जहां से जरूरत पड़ने पर उन्हें विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन करने के लिए प्रदेश के संबंध मेडिकल कॉलेज में भेजने का काम भी किया जाता है यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क होती है। शिविर में स्कूल प्रभारी डॉ अशफ़ाक खान व स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

### जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रही मरीजों की भीड़

# बारिश थमी तो बढ़ा मौसमी बीमारियों का अटैक, ओपीडी का आंकडा पहुंचा 1100 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बारिश का दौर थमने के बाद अब मौसमी बीमारियों का अटैक बढ़ गया है, जिसके चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। बच्चों से लेकर युवा, महिलाएं और बुजुर्गों की भीड़ जिला अस्पताल में इलाज के लिए लग रही है। जिसके चलते जिला अस्पताल की ओपीडा का आंकडा अब 1100 के पार पहुंच गया है। शुक्रवार को भी जिला अस्पताल में इलाज के लिए मरीजों की खासी भीड़ लगी रही।

जिला अस्पताल में इन दिनों सर्दी-खांसी के साथ वायरल फीवर, गले में खराश की शिकायत लेकर अधिकांश मरीज आ रहे हैं। जिसके चलते जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड नजर आ रही है। डॉक्टरों द्वारा ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के कक्ष के बाहर भी मरीजों की कतार लग रही है। बता दे कि बारिश का दौर थम गया है और पिछले चार दिनों से धूप निकलने से मौसम एक दम बदल गया है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे मौसम में सेहत का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। खान-पानी और मच्छरों की रोकथाम से बीमार होने से बचा जा सकता है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या इतनी अधिक बढ गई है कि एक डॉक्टर को दिनभर में 80 से 100 मरीज देखने पड़ रहे हैं। इसके बाद भी कोई न कोई मरीज केबिन के बाहर इंतजार करते देखा जा सकता है। सामान्य ओपीडी के अलावा मेल-फीमेल जनरल वार्ड और बच्चों के वार्ड भी में सारे पलंग भरे पड़े हैं। यही स्थिति शहर के प्राइवेट अस्पताल और चिकित्सकों के घरों पर भी देखी जा सकती है।जहां भी मरीज बडी संख्या में इलाज कराने के लिए पहुंच गए है। उधर विजयपुर,कराहल और बडौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी मरीजों की संख्या बढ गई है। जहां डॉक्टरों की कमी होने के कारण जो डॉक्टर पदस्थ है,उन पर काम का बोझ अधिक बढ गया है।



#### बच्चे अधिक हो रहे बीमार

इन दिनों बच्चे अधिक बीमार हो रहे हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है। तीन से 14 साल के बीच वाले बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार, पेट दर्द और अन्य समस्या आ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि वायरल भी एक तरह का संक्रमण है, जो एक-दूसरे के संपर्क में आने से होता है। बाहरी चीजों के खाने से परहेज रखना आवश्यक है।

#### डॉक्टरों की सलाह,ये बरते सावधानी

- -बाहर का तला-गला खाने से बचें
- -पीने में साफ पानी का इस्तेमाल करें
- -घरों के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- -मच्छरों की रोकथाम के लिए सुबह-शाम को धुआं करें।
- -बीमार होने पर डॉक्टरों से संपर्क करें।

#### पांच दिन की ओपीडी एक नजर में

| दिन | मरीज |
|---|---|
| सोमवार | 1204 |
| मंगलवार | 1089 |
| बुधवार | 1140 |
| गुरूवार | 1110 |
| शुक्रवार | 985 |

नोट:शुक्रवार की ओपीडी दोपहर 2 बजे तक की है।

### एक साल पुराने मामले में श्योपुर न्यायालय ने सुनाया फैसला

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद, 10 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक महिला की गला दबाकर हत्या करने संबंधी एक साल पुराने मामले में श्योपुर के प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथही 10 हजार रूपए का जुर्माना भी रोपित किया गया है।

यह मामला ढोढर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि ढोढर थाना क्षेत्र स्थित गांधीनगर डेरा सच्चा सौदा निवासी महिला अंजू पत्नी गुरूभाई उर्फ गुरजीत ओढ की अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। मृत महिला के परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने मामले की जांच की तो उसमें यह पाया कि महिला अंजू की हत्या उसके पति गुरूभाई ने मारपीट करने के बाद गला दबा कर दी। पुलिस ने जांच में यह भी पाया कि गुरूभाई ओढ आए दिन शराब पीकर अंजू की मारपीट करता था। जांच के बाद ढोढर थाना पुलिस ने इस मामले में अंजू ओढ के पति गुरूभाई उर्फ गुरजीत के खिलाफ हत्या और हत्या के साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज कर लिया और विवेचना पूरी कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। श्योपुर के प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान पति गुरूभाई उर्फ गुरजीत पुत्र रमेश ओढ को पत्नी अंजू की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी।



#### नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली बाइक रैली

श्योपुर। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार विद्युत विभाग, यातायात एवं नगर पालिका परिषद श्योपुर के समन्वय से 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के विस्तृत रूप से प्रचार-प्रसार एवं विधिक सेवा जागरुकता हेतु जिला न्यायालय परिसर से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता द्वारा प्रचार-प्रसार रथ एवं बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।प्रचार-प्रत्तार रथ एवं बाईक रैली को जिला न्यायालय परिसर श्योपुर से आरंभ कर गुलम्बर, नगर पालिका से होती हुई यातायात पुलिस थाने पर समापन किया गया। बाईक रैली में यातायात विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद श्योपुर, पैरालीगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र), लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स (न्याय रक्षक) एवं न्यायालयीन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर के कर्मचारीगण द्वारा सहभागिता की गई।



## खबर संक्षेप

### रविवार को क्षमावाणी पर्व का आयोजन

**बीना।** छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में रविवार को क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया जाएगा। पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के मंत्री राजेश कुमार जैन ने बताया कि आचार्यश्री समाधिस्थ विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से रविवार को पंडित प्रदीप शास्त्री, संगीतकार हेमंत एंड पार्टी गंज बासौदा के सानिध्य में सुबह 8 बजे से पारस बाबा का महामस्तकाभिषेक एवं क्षमावाणी पर्व का आयोजन होगा। महामस्तकाभिषेक के बाद नित्य पूजन विधान एवं प्रवचन भी होंगे।

### एसपी राजीव कुमार ने पदभार ग्रहण किया

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले के एसपी रहे विनीत कुमार जैन जिन्हे जनवरी माह में उप पुलिस महा निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया था। वह 2010 के आईपीएस अधिकारी हैं उनका स्थानांतरण उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पर बालाघाट में हो गया है। उनके स्थान पर 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा सहायक पुलिस महानिरीक्षक महिला सुरक्षा शाखा भोपाल से अशोकनगर एसपी के पद पर स्थानांतरित किया गया था। गुरूवार को जब वह पदभार ग्रहण करने पहुंच तब उन्हें एसपी रहे विनीत कुमार जैन द्वारा कार्यभार प्रदान किया गया और एसपी का पदभार लेने पर शुभकामनाएं दीं।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत देवीलाल कुशवाह उम्र 39 साल निवासी डुंगासरा की महाराज वाले तालाब ग्राम रायपुरा में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### सांड के हमले से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम श्यामगढ़ निवासी लालाराम अहिरवार ने बताया कि रोशन पुत्र कलुआ अहिरवार उम्र 39 साल पर एक सांड ने हमला कर दिया था। इस हमले में सांड के सींग युवक की गर्दन में मार दिए थे जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### प्राणपुर और इमलिया में सर्प दंश की दो घटनाएं

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम पाणपुर और इमलिया में सर्प दंश की दो घटनाओं में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग के मामले दर्ज किए हैं। प्राणपुर में 28 वर्षीय सुनील कुशवाह को सर्प ने डस लिया था यह घटना उस समय हुई जब वह शाम 7 बजे अपनी दुकान पर बैठा था। इस घटना के बाद चंदेरी अस्पताल में परिवारजन लेकर पहुंचे, जिला अस्पताल लाते समय बीच रास्ते में ही मौत हो गई। दूसरी घटना में इमलिया निवासी 45 वर्षीय गुडडी बाई को रात 12 बजे सर्प ने उस समय डस लिया था जब वह पानी पीने के लिए उठी थी। उसे परिवार जन चंदेरी अस्पताल लेकर पहुंचे बाद में जिला अस्पताल लाते समय उसकी भी बीच रास्ते में मौत हो गई।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी संतोष अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश अहिरवार के पिता ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया बघेल निवासी अभिषेक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संदीप और लालचंद अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी सूरज बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बिनोद बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सांदोह निवासी हरतूम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ, निखिल , प्रदीप और मोनू जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया रेवा शक्ति अभियान, हृदय अभियान और एकल सेवा पोर्टल का शुभारंभ

# पार्षद पति, अध्यक्ष पति और सरपंच पति जैसी प्रथाओं को खत्म कर बहनों को दिलाना होगा असली हकः सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को स्थानीय माधव भवन में आयोजित रेवा शक्ति, हृदय अभियान, एकल सेवा पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित महिला शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि अब प्रधान पति, सरपंच पति, जिला पंचायत पति और अध्यक्ष पति जैसी प्रथाओं को खत्म करना होगा और महिलाओं को अपना हक अपने हाथों में लेना होगा। उन्होंने महिलाओं को दूसरी पंक्ति में धकेलने वाली इन प्रथाओं की आलोचना की और महिलाओं को उनका असली हक दिलाने के संकल्प का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को बेटियों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बेटी केवल परिवार की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की पहचान है। जब एक बेटी जन्म लेती है तो वह केवल घर का नहीं बल्कि पूरे समाज का भविष्य गढ़ती है। उन्होंने एकल सेवा पोर्टल, हृदय योजना और रेवा शक्ति अभियान से क्षेत्र को मिलने वाले लाभों को भी रेखांकित करते हुए कहा कि यह योजनाएं क्षेत्र में सुशासन की नई परिभाषा गढ़ेगी।

### रेवा शक्ति अभियान के तहत 44 सौ बच्चों को सुपोषित करने का लक्ष्य

सिंधिया ने रेवा शक्ति अभियान के मुख्य उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटियां बोझ नहीं,वरदान हैं। इस अभियान के अंतर्गत जिले के केवल एक या दो बेटियों वाले परिवारों का पंजीयन किया गया है। उन्हें विशेष डिजिटल कार्ड दिए जा रहे हैं, पंजीकृत परिवारों को शिक्षा शुल्क में छूट, स्वास्थ्य सेवाओं में प्राथमिकता, छात्रवृत्ति, किराए में रियायत और सामाजिक सम्मान जैसी सुविधाएँ मिलेंगी। इससे बेटियों को पढ़ाई और आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा। जिले में इस अभियान के अंतर्गत कुपोषण दूर करने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। अब तक 4,700 कुपोषित बच्चों की पहचान की गई थी, जिनमें से 4,400 बच्चों को सुपोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है, कि जिले का प्रत्येक बच्चा पूर्ण रूप से सुपोषित हो और स्वस्थ जीवन जी सके।

### 2100 से अधिक गर्भवती माताओं को मिला हृदय अभियान का लाभ

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हजारों कुपोषित बच्चों और गर्भवती माताओं को सुरक्षित मातृत्व और पोषण सेवाएं मिल रही हैं। अब तक 2100 से अधिक माताओं का पंजीयन और 2000 बच्चों का कुपोषण प्रबंधन किया गया है। सिंधिया ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे और कोई भी बच्चा कुपोषित न हो। उन्होंने कुपोषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कुपोषण आज भारत में कोई बीमारी नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक व्यवस्था की एक कमी है। इसका सुधार हमें मिलकर करना होगा।

### लोगों को सीधे लाभ पहुंचाएगा एकल सेवा पोर्टल

एकल सेवा पोर्टल का शुभारंभ करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह डिजिटल पोर्टल लोगों को 247 सरकारी सेवाओं और योजनाओं तक पारदर्शी, सुरक्षित पहुँच देगा। सिंधिया ने कहा कि इस तकनीकी पहल से आमजन का जीवन और आसान होगा और बेटियों के नाम से खुले खाते और योजनाएँ समय पर लाभ पहुंचाएँगी। इस पोर्टल से पात्र नागरिकों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचेगा, आवेदन का समय पर निराकरण व स्थिति की जानकारी मिलेगी एवं पारदर्शिता,दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है सुकन्या समृद्धि योजना

1 मई से लेकर अब तक अशोकनगर, गुना और शिवपुरी जिलों में कुल 1702 सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं। इनमें से 518 खाते अकेले अशोकनगर की बेटियों के नाम पर खुले हैं। सिंधिया ने इन खातों में उन्होंने स्वयं निजी सहयोग दिया है और यह सहयोग वे हर उस बिटिया के खाते में करेंगे जिसका खाता 1 मई 2026 तक खुलेगा। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा सहयोग इस क्षेत्र में बेटियों के उत्थान और उनके हौसले को उड़ान देने के लिए उत्प्रेरक बनेगा।

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा जिला प्रशासन के नवाचार रेवा शक्ति अभियान,हृदय अभियान तथा एकल सेवा पोर्टल का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। कीर्ति कार्ड,रेवा मित्र कार्ड एवं पोषण किट का किया वितरण कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत बनाये गये रेवा मित्रों, बालिकाओं के कीर्ति कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही हृदय अभियान अंतर्गत गर्भवती माताओं को पोषण किट का वितरण किया गया।

### खेल सामग्री का खिलाडियों को किया वितरण

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा सांसद खेल प्रतियोगिता अंतर्गत खिलाडियों को खेल सामग्री किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण, एवं बडी संख्या में समाजसेवी, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्टेशन प्रबंधक व पॉइंट्समैन की तत्परता से बालक को परिजनों से मिलाया

# मंडी बामोरा स्टेशन पर ट्रेन से उतरा 13 वर्षीय बालक, मां-बाप से बिछड़ा



**बीना।** विंध्याचल एक्सप्रेस से भोपाल जा रहे एक परिवार का 13 वर्षीय बालक गलती से मंडी बामोरा रेलवे स्टेशन पर उतर गया। जिसे स्टेशन प्रबंधक एवं पॉइंट्समैन ने तत्परता दिखाते हुए परिजनों से मिलाया।

जानकारी अनुसार विंध्याचल एक्सप्रेस से सूरज कोल अपनी पत्नी अनीता के साथ कटनी से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। सुबह करीब 7 बजे ट्रेन मंडी बामोरा स्टेशन पर रुकी और उनका 13 वर्षीय बालक गलती से ट्रेन से नीचे उतर गया। ट्रेन के निकल जाने के बाद बालक एक स्थान पर बैठकर रो रहा था। जिसे देख ऑन ड्यूटी पॉइंट्समैन संदीप यादव ने इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधक एके साध्या को दी गई कि एक बालक अपने मां-बाप से बिछड़ गया है। साथ ही बालक से चर्चा कर उसका नाम, पता एवं अन्य जानकारी ली गई। सूचना के बाद विंध्याचल एक्सप्रेस के ठहराव स्टेशनों पर तुरंत इस बात की सूचना दी गई। सूचना मिलने के पश्चात उक्त लड़के के मां-बाप मंडी बामोरा पहुंचे और आरपीएफ कांस्टेबल गौरव कुमार की उपस्थिति में सुबह 11 बजे उसके मां-बाप को सुपुर्द किया गया। बच्चे को सकुशल पाकर मां-बाप के खुशी से उनके चेहरे खिल उठे।

# भागवत कथा के छठवें दिवस रुकमणि विवाह व कंस वध का किया वर्णन



**बीना।** मां जागेश्वरी धाम पर चौबे परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के छठवें दिवस की कथा में पंडित जय नारायण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, विशेषकर उनके विवाह प्रसंगों और गोवर्धन लीला के बाद इंद्र की स्तुति, इस दिन महारास के पंच अध्यायों का भी वर्णन किया गया। जिन्हें भागवत का प्राण माना जाता है। जो भक्तों को भवसागर से पार करने में सहायक होते हैं।

इसके अतिरिक्त, कुछ कथाओं में श्रीकृष्ण द्वारा कंस का वध और रुक्मिणी विवाह का विस्तृत वर्णन भी शामिल हुआ, जो धर्म पर अधर्म की विजय का प्रतीक है। महारास के पंच अध्याय महारास के दौरान शरद पूर्णिमा की रात यमुना तट पर गोपियों के साथ श्री कृष्ण के रास का संगीतमय वर्णन करते हुए कथा व्यास शास्त्री ने बताया कि इन महारास के पंच अध्यायों को भागवत के प्राण तुल्य बताया गया है, जो भक्तों को भवसागर से मुक्ति दिलाते हैं। उन्होंने बताया कि विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी के साथ भगवान श्रीकृष्ण के विवाह का प्रसंग भी छठवें दिन सुनाया। जिसमें रुक्मिणी के स्वयं लक्ष्मी होने का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने मथुरा को कंस के आतंक से बचाने भगवान कृष्ण द्वारा कंस के वध का प्रसंग भी सुनाया, जो धर्म की अधर्म पर विजय को दर्शाता है।

# नपाध्यक्ष ने एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा



**बीना।** नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नपा अध्यक्ष लता सकवार ने एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नपा द्वारा तैयार की जा रही बाउंड्रीवाल एवं रैमकी द्वारा उठाए जा रहे कचरे का भी नपा अध्यक्ष ने अवलोकन किया।

दरअसल नगर पालिका द्वारा 90 लाख का भुगतान करने के आश्वासन के बाद रैमकी ने शहर का कचरा उठाना शुरू कर दिया है। नगर पालिका द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर डंप किए कचरे को उठाने कंपनी ने दो कंटेनर लगा दिए हैं। गुरुवार को आगासौद रोड पर खाली पड़ी जमीन पर डंप किया कचरा उठाया गया। शहर में जगह जगह लगे कचरा के ढेरों को उठाने के बाद 21 सितंबर से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का काम शुरू किया जाएगा। कचरा कलेक्शन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार का कहना है कि कंपनी का 2035 तक का अनुबंध है, इसलिए अलग से अनुबंध नहीं किया गया है। भुगतान न होने के कारण कंपनी ने काम बंद कर दिया था। भुगतान को लेकर कंपनी के अधिकारियों से चर्चा के बाद दोबारा काम शुरू कर दिया है।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा ...

# विदिशा गुना बाईपास रोड पर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स और संस्कृति भवन बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोकनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अशोकनगर जिले में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है और टाउन प्लानिंग के लिए यह फाइल 28 अगस्त को गई है। जल्दी ही स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि अशोकनगर के लिए जो विदिशा गुना बाईपास रोड स्वीकृत किया गया है, इस मार्ग पर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स और संस्कृति भवन का निर्माण किया जाएगा। ताकि यह सुविधाएं भी लोगों को मिल सकें।

उन्होंने कहा कि अशोकनगर का बाईपास रोड 12 किलोमीटर स्वीकृत किया गया है यही स्पोर्ट्स कंपलेक्स और ऑडिटोरियम बनेगा इनका जल्द ही भूमि पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अशोकनगर में जो कॉल सेंटर बनाया गया है वहां पहले क्षमता कम थी अब क्षमता को बढ़ाया गया है और हम जल्दी इसको और आगे तक ले जाएंगे। यहां पहुंचने के लिए सड़क की सुविधा नहीं थी वह सांसद निधि से राशि उपलब्ध कराई गई है। बिजली की व्यवस्था प्रशासन ने कर दी है। बच्चों को बस से लाने ले जाने की सुविधा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस कॉल सेंटर तक जाने वाली सड़क का हम भूमि पूजन करने जा रहे हैं। जिला अस्पताल के बारे में कहा कि 63 करोड़ की लागत से 300 बिस्तर का अस्पताल बनाया जा रहा है जिसमें 50 टिपिकल पेशंटों के लिए बेड होंगे। जुलाई से कार्य की शुरुआत हुई थी लेकिन वर्षाकाल का मौसम आने के कारण यह काम रफ्तार नहीं पकड़ पाया। 2027 तक यह काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तर की है लेकिन व्यवस्था 200 की बनाई गई है 300 बिस्तर का अस्पताल और बनने के बाद 400 बिस्तर का अस्पताल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 30 पोस्ट खली हैं और 12 ट्रामा सेंटर में खाली है इस तरह 42 पोस्ट खाली है जिन्हें दशहरे के बाद भर लिया जाएगा। उन्होंने अशोकनगर में मेडिकल कॉलेज के मामले में कहा कि इसके लिए पीपीपी मोड पर तीन बार टेंडर हुआ है तीनों बार किसी ने टेंडर नहीं उठाया।

### राजघाट बांध के पानी से 6 नगरीय निकाय संस्थाएं लाभांवित होंगी

अशोकनगर में राजघाट बांध से पानी लाने के लिए भी बड़े स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं जिससे छह नगरीय निकाय संस्थाओं को लाभ मिलेगा जो राजघाट बांध से पानी की पाइपलाइन आएगी उन नगरीय संस्थाओं को जाने वाली पाइपलाइन से जोड़ा जाएगा ताकि हर व्यक्ति के घर तक पानी पहुंच सके। 2026 के अंत तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। हर जगह के लिए उन्होंने राशि स्वीकृत कराई है। जिसमें अशोकनगर के लिए 14 करोड़, चंदेरी के लिए 3.50 करोड़ और ईसागढ के लिए 3 करोड़। वर्तमान में जो कार्य चल रहा है मैं उस कार्य से संतुष्ट नहीं हूं उन्होंने कहा कि शिवपुरी का उनका अनुभव बहुत खराब रहा है यहां 2 साल बाद पाइपलाइन लीकेज होने लगी पाइपलाइन फूट गई और कई जगह पाइपलाइन खराब हो गई जिसके लिए मैं एक सप्ताह बाद फिर चर्चा करूंगा और सब की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में तीन मुख्य सड़कों का काम भी चल रहा है वह जल्दी पूरी होने से सुविधा मिलेगी।

### शहर में थीम रोड भी बनाई जाएगी

उन्होंने कहा कि अशोकनगर शहर के लिए भी पांच द्वार बनाए जा रहे हैं गुना रोड पर, राजराजेश्वर द्वार, ईसागढ रोड़ पर बीजासन माता द्वार, चंदेरी रोड पर, जिले के ऐतिहासिकता का द्वार, विदिशा रोड पर करीला माता का द्वार और आरोण रोड पर विंध्यवासिनी माता का द्वार बनाया जा रहा है। इसके लिए एक हफ्ते में डिजाइन बनने की बात की गई है। अशोकनगर की संस्कृति और इतिहास से अवगत लोग हो सके इसके लिए एक थीम रोड भी बनाई जा रही है जिसमें दुवे अस्पताल से लेकर एचडीएफसी चैराहे तक 2 किलोमीटर के मार्ग पर डिवाइडर बनाए जाएंगे सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे यह थीम रोड होगी। कृषि महाविद्यालय के लिए मुख्यमंत्री से बात करेंगे। रिंग रोड पर कार्य किया जा रहा है विदिशा गुना रोड बनने के बाद ईसागढ़ पिपरई मार्ग पहले ही बन चुका है तथा जो हिस्सा बचा है उसे भी बना लिया जाएगा। तुलसी सरोवर पर जो शमशान घाट है वहां के लिए भी रास्ता जल्दी ही निकाला जाएगा जिसके लिए उन्होंने प्रशासन को निर्देश देने की बात कही है।

### सिंधिया ने रेलों के मांग पत्र पर कहा जल्द ही मांग पूरी होंगी

अशोकनगर जिला पत्रकार संघ की ओर से सांसद और केंद्रीय मंत्री सिंधिया को अवगत कराया गया कि अशोकनगर जिले से जो इंदौर जबलपुर ट्रेन गुजरती थी उसे बंद कर दिया गया है इस ट्रेन को इंदौर से शाम 6:00 बजे और जबलपुर से शाम 6:00 बजे चलाया जाए। यहां के लोगों को इलाहाबाद जाने के लिए बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है इसलिए इलाहाबाद के लिए ट्रेन चलाई जाए ताकि धार्मिक कार्यों की पूर्ति के लिए लोग इलाहाबाद जा सके। चाहे इन्दौर से अथवा ग्वालियर से इलाहाबाद के लिए ट्रेन का संचालन व्हाया गुना-बीना किया जाए। इसी प्रकार कोटा हिसार ट्रेन का विस्तार कर इसे बीना तक बढ़ाया जाए तथा ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस को ग्वालियर से मथुरा होकर दिल्ली तक बढ़ाया जाए ताकि लोग लाभान्वित हो सके। इस संबंध में उन्होंने कहा कि अशोकनगर के लिए जल्दी ही ट्रेनों की सुविधा मिल सकती है उनके साथ शासन के बाद लोगों ने कल बंद ट्रेनों को भी शुरू करने की मांग की है। जो कोरोना काल में बंद हो गई थी जिसमें कोटा जबलपुर, गुना बीना एक चक्कर तथा इंदौर जबलपुर ट्रेन शामिल है। बीएसएनएल के मामले में सेवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि जल्दी बीएसएनएल की सेवाएं बेहतर होने लगेंगी। प्रधानमंत्री द्वारा 3 लाख करोड़ का पैकेज जारी किया गया है। जल्दी 3जी की सेवाओं को 4जी तक लाया जा चुका है 90 टावरों का काम चल रहा है देश में 9 करोड़ 10 लाख उपभोक्ताओं को अंतर्राष्ट्रीय सेवा का लाभ मिलने लगेगा और 4जी के बाद 5जी की सेवाएं बेहतर तरीके से मिलने लगेंगे।